CITY NEWS GIRIDIH

Giridih News: नकली नोट को लेकर गिरिडीह में छापेमारी, नोट गिनने का मशीन बरामद, छानबीन जारी

फेक करेंसी को लेकर झारखण्ड एटीएस की टीम ने बेंगाबाद के मुंडहरी गांव में मो जफरुल अंसारी के घर में छापा मारा। इस छापेमारी में नोट गिनने की चार मशीन जब्त की गई है। हालांकि जफरुत भागने में सफल रहा हैं। एटीएस को यह सूचना मिली थी बेंगाबाद के मुंडहरी गांव से नकली नोट का धंधा चल रहा है। इस सूचना पर गिरिडीह के एसपी दीपक कुमार शर्मा से सम्पर्क साधा और फिर जफरुल अंसारी के घर में छापेमारी की। इस छापेमारी में जफरुल के घर से नोट गिनने की मशीन को बरामद किया गया है। बाकी जफरुत फरार होने में कामयाब रहा। अभी जफरुत की तलाश की जा रही है। बताया जा रहा है कि जफरुल का सम्बन्ध पक्षिम बंगाल से भी है। पश्चिम बंगाल के आसनसोल में इसके साथी भी है। यहीं से यह नोट डबल करने के कारोबार से जुड़ा और लोगों को झांसे में देकर नोट डबल करने लगा। अब पुलिस जफरुल के अलावा इनके सभी साथियों की तलाश कर रही है।

Source: https://citynewsgiridih.com/raid-in-giridih-regarding-fake-notes-note-counting-machine-recovered-investigation-continues/#google_vignette